प्रेस विज्ञप्ति

सडक दुर्घनाओं की रोकथाम बाबत् राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांवों में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम

दिनांकः-11.05.2024

श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात, राजस्थान जयपुर के आदेश की पालना में श्री राजेन्द्रसिंह पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार श्री शरद चौधरी पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर, श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में श्री रविन्द्र कुमार बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व जोधपुर के नेतुत्व में जोधपुर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-125 पर स्थित गांव बम्बोर तथा लोरड़ी देजगरा में संबंधित क्षेत्राधिकार पुलिस थाना झंवर से समन्वय स्थापित कर यातायात शिक्षा प्रभारी श्री हनुमानसिह हैकानि 1201 मय टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी तथा हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर मानव जीवन की महत्ता को समझाते हुए यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। गांव बम्बोर व लोरड़ी देजगरा में कार्यक्रम के दौरान श्री लालसिंह हैडकानि थाना झंवर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-125 पर स्थित दोनों कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणजनों को सडक दुर्घटना होने के कारणों को बताते हुए इसमें कमी लाने हेतु सुझाव व यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने की अपील की। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट लगाने, निर्धारित गति से तेज नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात नहीं करने, गलत दिशा में वाहन नही चलाने, नाबालिग को वाहन नहीं चलाने की विशेष समझाईश की। मृत्यु के प्रमुख कारणों में पालतू/आवारा पशुओं के सड़क पर आने के कारण होने वाली दुर्घटना से मालिकों को इस सम्वन्ध मे विशेष जानकारी दी गई। सडक दुर्घटनाओं मे कमी लाने हेतु पालतु पशु मलिकों व ग्रामीण आमजन को पशुओ को सडकों पर से हटाने के आवश्यक उपाय करने बाबत समझाईस के साथ पशुओं के सीगों पर लगाने के लिए रिफलेक्टर प्रदान किए।

आमजन व वाहन चलकों को सडक पर चढते व उतरते समय व सडक को पार करते समय रखी जाने वाली सावधानियों तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुंचाने व त्वरित मदद करने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) के माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों एवं ''मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना'' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

(रविन्द्र कुमार बोथरा)

सहायक पुलिस आयुक्त
यातायात पूर्व, आयुक्तालय जोधपुर